फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री ईश्वरलाल श्रीमाल पिता श्री अर्जुनलाल जी निवासी वार्ड नं. 19, बाण्डी होली का स्थान, देवगढ़ पो0 देवगढ़(मदारिया) जिला राजसमन्द (राज.)

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम – **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 29 / 2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 05.05.2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से जरिये पत्र क्रमांक :– प0सू.अ.2005 / 2025 / 862 दिनांक 21.04.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना पुरानी होने से रेकार्ड में तलाश करवाई जा रही है। इस संबंध में अपीलार्थी इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 557 दिनांक 05.03.2025 को जरिये पंजीकृत डाक द्वारा सूचित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना पुरानी होने से रेकार्ड में तलाश करवाई जा रही है। इस संबंध में लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना के संबंध में कमेठी गठित कर अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना तक पहूँच बनाकर उक्त सूचना नियमानुसार अपीलार्थी को एक माह में उपलब्ध करवाई जाकर इस न्यायालय को सूचित किया जाना सुनिश्चित करे। अतः उक्त अपील को इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

न्यायालय जिला कलक्टर